जी.डी.सी.ई./2018 के अभ्यर्थियों हेतु विशेष सूचना

1. जी.डी.सी.ई. स्कीम के अन्तर्गत परीक्षा समूह– V(स्टेशन मास्टर/वरिष्ठ वाणिज्य सह टिकट लिपिक) का प्रलेख सत्यापन व चिकित्सा परीक्षण में सफल होने के उपरान्त नामिका जारी किया जा चुका है। उक्त दोनों पदों की शेष रिक्तियों पर भर्ती हेतु सीबीटी/अभिक्षमता परीक्षण के आधार पर अभ्यर्थियों का प्रलेख सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। प्रलेख सत्यापन हेतु उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों की सूची पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर दिनांक 08.03.2022 को प्रकाशित किया जा चुका है। प्रलेख सत्यापन दिनांक 29.03.2022 को प्रमुकाधि, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे से सम्पन्न होगा।
2. प्रलेख सत्यापन हेतु बुलावा–पत्र डाउनलोड करने का लिंक पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर दिनांक 15.03.2022 से दिनांक 27.03.2022 तक सक्रिय रहेगा। अभ्यर्थी कृपया अपना बुलावा–पत्र डाउनलोड कर प्रिन्ट कर लें तथा उसपर निर्धारित स्थान पर अपने नियंत्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक से हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित हो।
3. बुलावा–पत्र पर नियंत्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर एवं मुहर नहीं होने की दशा में अभ्यर्थियों का प्रलेख सत्यापन नहीं किया जाएगा।
4. बुलावा–पत्र डाउनलोड करने का लिंक प्रलेख सत्यापन से दो दिन पूर्व अपरान्ह 15.00 बजे बन्द कर दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी समय से बुलावा–पत्र डाउनलोड कर लें।
5. अभ्यर्थी प्रलेख सत्यापन हेतु निम्नलिखित प्रलेख अपने साथ अवश्य ले आवें–

   (अ)–प्रलेख सत्यापन का बुलावा पत्र।

   (ब)–आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट।

   (स)–वैध मूल फोटो पहचान पत्र जैसे–पैन कार्ड/पासपोर्ट/रेलवे द्वारा जारी पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेन्स/वोटर कार्ड/फोटो युक्त बैंक पास–बुक/आधार कार्ड अथवा ई–आधार एवं उसकी एक छायाप्रति।

   (द)–समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं उनकी एक छायाप्रति।

   (च)–आवेदित पद की पात्रता संबंधी समस्त विशेष/तकनीकी अर्हता प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति।

   (छ)–जाति प्रमाण पत्र(केवल अजा0/अजजा0/अपिव के अभ्यर्थियों हेतु) मूल रूप में तथा उसकी एक छायाप्रति। अपिव के अभ्यर्थियों को भारत सरकार की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

   (ज)–जो फोटोग्राफ आवेदन पत्र में अपलोड किया गया है उसकी चार अदद पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
6. प्रलेख सत्यापन के उपरान्त अभ्यर्थियों को रेलवे चिकित्सालय से निर्धारित चिकित्सा श्रेणी में फिट होना होगा जिसके लिए उन्हें रेलवे चिकित्सालय में भेजा जाएगा।
7. अन्य विस्तृत विवरण व निर्देश बुलावा पत्र में अंकित है।
8. इस संबंध में अद्यतन जानकारी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहने के लिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है।

09/03/2022

अध्यक्ष

रेलवे भर्ती सेल